देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 94 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...पुरानी प्रचार शैली



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 9 जुलाई 2020



मौसम अधिकतम 32.0° न्यूनतम 24.0°

36329.01

2 भारत के अपाचे से भड़का चीन

7 सैकड़े से हुई क्रिकेट की शुरुआत

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल ने दी बांध ढहाने की धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मोतिहारी। भारत नेपाल की सीमा पर शुरु हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। एकबार फिर नेपाल के रौतहट जिले के जिला पदाधिकारी ने ललबकैया नदी पर बन रहे बांध को तोड़ने की धमकी दी है। नेपाल की नदियों से पूर्वी चम्पारण जिले में मचने वाली तबाही को रोकने के लिए बांध का निर्माण कराया जाना है, जिसे नेपाल ने अपनी जमीन बताते हुए बांध के निर्माण पर रोक लगा दी है। नेपाल सीमा प्रहरी के जवानों और बंजराहां गांव के निवासियों ने भारतीय सशस्त्र सीमा बल के जवानों के साथ मारपीट भी की है।

### पछताएगा विकास, ऐक्शन बनेगा नजीरः पुलिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। कानपुर के बिकरू गांव में हुई घटना में मुख्य आरोपी विकास दुबे पांच दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इस मामले में उत्तर प्रदेश के एडीजी प्रशांत कुमार ने बुधवार को अब तक हुई कार्रवाई के बारे में मीडिया को बताया। उन्होंने कहा कि जल्द ही विकास दुबे पकड़ में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले में ऐसी कार्रवाई करेगी जो पूरे देश के लिए नजीर बनेगा। पुलिसवालों की शहादत बेकार नहीं जाने देंगे। घटना का वांछित और 50 हजार का इनामी बदमाश अमर दुबे उर्फ संदीप दुबे। हमीरपुर के थाना मौदाहा के अंतर्गत मार गिराया गया।

### गलवान से तो हटे चीनी पर पैंगोंग में हेकड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच पिछले तीन महीने से जारी तनाव में थोड़ी नरमी दिखने को मिल रही है। इस बीच, गोगरा, हॉट स्प्रिंग और पूर्वी लद्दाख में बफर जोन बनाया जा रहा है। पैंगोंग लेक इलाके के फिंगर एरिया में चीनी सेना ने पक्के निर्माण कर रखे हैं और यहां अभी भी तनाव बरकरार है।

# परीक्षा से वंचित छात्रों को बड़ी राहत

## वंचित परीक्षार्थियों को अन्य परीक्षाओं के अंकों के आधार पर मिलेंगे औसत अंक

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश सरकार ने सीबीएसई की तर्ज पर एक अहम कदम उठाया है। कंटेनमेंट जोन की वजह से उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर मीडिएट की परीक्षा से वंचित रह गए परीक्षार्थियों को अन्य परीक्षाओं के अंकों के आधार पर औसत अंक दिए जाएंगे। दोबारा परीक्षा देने के इच्छुक परीक्षार्थियों को परीक्षा का मौका भी दिया जाएगा। इसको लेकर शिक्षा सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने आदेश भी जारी कर दिए हैं।

दरअसल, कोरोना संक्रमण के चलते उत्तराखंड बोर्ड की स्थगित हुई शेष परीक्षाएं 22 से 25 जून को आयोजित की गई थी, लेकिन इस दौरान कंटेनमेंट जोन में रह रहे छात्रों को परीक्षाओं की अनुमति नहीं दी गई थी, जिससे वे शेष परीक्षाओं में नहीं बैठ पाए। परीक्षा से वंचित रह गए ऐसे छात्रों को लेकर अब सरकार ने सीबीएसई की तर्ज पर एक अहम फैसला लिया है। कंटेनमेंट जोन के परीक्षार्थियों को इन विषयों में औसत अंक दिए जाएंगे। इसको लेकर शिक्षा सचिव आर सुंदरम ने बुधवार को आदेश जारी किए हैं।

शिक्षा सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि कि उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के कार्य को 10 जुलाई तक समाप्त करने को कहा गया है। मूल्यांकन खत्म होने के बाद परीक्षाफल बनाने का कार्य तेज हो सकेगा।



### तीन हजार से ज्यादा परीक्षार्थी परीक्षा नहीं दे सके

शिक्षा सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि प्रदेश में कंटेनमेंट जोन की वजह से तीन हजार से ज्यादा परीक्षार्थी परीक्षा नहीं दे सके। ऐसे परीक्षार्थियों को सीबीएसई की तर्ज पर उनकी अन्य परीक्षाओं के अंकों के औसत के आधार पर प्रोन्नत अंक दिए जाएंगे।

**इन नियमों के आधार पर मिलेंगे अंकः**

- जिन परीक्षार्थियों ने सभी विषयों की परीक्षा दी है, उनका रिजल्ट उनको सभी विषयों में मिले अंकों के आधार पर ही होगा।
- जिन परीक्षार्थियों ने चार या उससे ज्यादा विषयों की परीक्षा दी है। उन्हें सर्वाधिक अंक प्राप्त तीन विषयों के अंकों के औसत के अनुसार अन्य विषयों में अंक दिए जाएंगे।
- जिन परीक्षार्थियों ने तीन ही विषयों की परीक्षाए दी हैं, उन्हें सर्वाधिक अंक प्राप्त दो विषयों के अंकों के औसत के आधार पर नंबर दिए जाएंगे।
- जन परीक्षार्थियों ने सिर्फ दो या उससे कम विषयों की परीक्षाएं दी हैं। उनका परीक्षाफल उनके द्वारा दिए गए विषयों के अंकों के आधार पर होगा।
- ऐसे परीक्षार्थी जिन्होंने एक विषय की परीक्षा के लिए आवेदन किया था, पर वो कोरोना वायरस संक्रमण के चलते 22 से 25 जून के बीच हुई परीक्षा में नहीं बैठ पाए। उनके लिए स्थिति सामान्य होने पर परिषद परीक्षा का आयोजना करेगा।

### छात्र-छात्राओं को इस बार डीबीटी से पैसा नहीं, मिलेंगी पुस्तकें

कोरोना संकटकाल में प्रदेश के लाखों छात्र-छात्राओं को पाठ्यपुस्तकों के लिए धनराशि नहीं दी जाएगी, बल्कि उन्हें पाठ्यपुस्तकें मुहैया कराई जाएंगी। शिक्षा मंत्री अरविंद पांडेय के निर्देश पर महकमे ने इस संबंध में कसरत तेज कर दी है।

# गांधी परिवार के 3 ट्रस्टों की जांच के लिए पैनल

## कमिटी वित्तीय लेनदेन में गड़बड़ी की करेगी जांच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। गांधी परिवार से जुड़े तीन ट्रस्टों में वित्तीय लेनदेन में गड़बड़ी की जांच की जाएगी। गृह मंत्रालय ने जांच में समन्वय के लिए एक अंतरमंत्रालयी समिति का गठन किया है। मंत्रालय के प्रवक्ता ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी।

सरकार का कहना है कि राजीव गांधी फाउंडेशन, राजीव गांधी चौरिटेबल ट्रस्ट और इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट के खिलाफ आयकर और विदेशी चंदे के नियमों के कथित उल्लंघन की जांच की जाएगी। यह जांच गांधी परिवार से जुड़े ट्रस्टों के प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट, इनकम टैक्स एक्ट और फॉरेन कंट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट के नियमों के उल्लंघन पर फोकस होगी।

**इडी के स्पेशल डायरेक्टर होंगे चीफः** गृह मंत्रालय के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय के स्पेशल डायरेक्टर इस समिति के प्रमुख होंगे। पिछले महीने बीजेपी ने आरोप लगाया था कि मनमोहन सिंह सरकार ने प्रधानमंत्री नेशनल रिलीफ फंड (पीएनएनआरएफ) से राजीव गांधी फाउंडेशन को पैसे दिए थे। बीजेपी के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा था कि पीएनएनआरएफ जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए बनाया गया था लेकिन यूपीए सरकार के कार्यकाल में इससे राजीव गांधी फाउंडेशन को पैसे दिए जा रहे थे।

पीएनएनआरएफ बोर्ड में कौन बैठा था। सोनिया गांधी जो आरजीएफ की चेयरमैन हैं।

### बीजेपी के आरोप

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी राजीव गांधी फाउंडेशन की अध्यक्ष हैं। इसके बोर्ड में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, पी चिदंबरम और मनमोहन सिंह शामिल हैं। बीजेपी ने साथ ही आरोप लगाया था कि मनमोहन सिंह ने 1991 के बजट भाषण में राजीव गांधी फाउंडेशन को 100 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। कांग्रेस ने इन आरोपों का खंडन किया है। उसका कहना है कि चीन से साथ सीमा पर जारी संकट से ध्यान भटकाने के लिए सरकार इस तरह के आरोप लगा रही है।



# नहीं रहा अल्मोड़ा की शान '100 साल' का बोगनवेलिया



**संवाददाता** अल्मोड़ा। सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा की पिछले 200 सालों से आन बान और शान बनकर पहचान दिलाने वाला हराभरा बोगनवेलिया का पेड़ बुधवार को धराशायी हो गया। अल्मोड़ा के पोस्ट आफिस रोड पर मौजूद यह पेड़ शहर की खूबसूरती में भी चार चांद लगाता था। दरअसल प्रदेश में इस वक्त कई जगहों पर भारी बारिश का दौर जारी है ऐसे में अल्मोड़ा में हुई बारिश के कारण आज सुबह यह पेड़ जो कि 100 सालों से अल्मोड़ा की शान बनकर खड़ा रहता था। इस पेड़ के धराशाई होने की सूचना जैसे ही स्थानीय लोगो को पता चली तो सभी दुखी नजर आए।

बोगनवेलिया का यह पेड़ हर साल मई और जून के महीने में बैगनी फूलों से लद जाता था। खासकर पर्यटकों के लिए यह आर्कषक का केंद्र बना रहता था।

Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# जाधव पर पाकिस्तान का नया खेल

## पिता को दी मिलने की अनुमति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने अपनी जेल में बंद भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव के मामले में भारत को दूसरे काउंसलर एक्सेस का न्यौता दिया है। साथ ही उसने कुलभूषण जाधव के पिता को भी बेटे से मिलने की अनुमति दे दी है। पाकिस्तान ने यह भी दावा किया है कि जाधव ने समीक्षा याचिका दायर करने से मना कर दिया है और चाहते हैं कि उनकी दया याचिका को आगे बढ़ाया जाए।

पाक विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी जाहिद हाफिज चौधरी ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 17 जून को जाधव को पुर्नविचार याचिका दायर करने के लिए बुलाया गया था लेकिन उन्होंने आने से मना कर दिया।

साथ ही इस बात पर जोर दिया कि उनकी दया याचिका को ही आगे बढ़ाया जाए। इससे पहले पाक ने कहा था कि वह आईसीजे के निर्णय के प्ररिप्रेक्ष्य में कुलभूषण जाधव मामले की समीक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रहा है।